<u>**प्रेस नोट**</u>

<u>**थाना प्रेमनगर, जनपद झाँसी**</u>

<u>**दिनांक – 26.05.2026**</u>

- **झाँसी पुलिस द्वारा अंतर्राज्यीय साइबर फाइनेंशियल फ्रॉड एवं ऑनलाइन गेमिंग आधारित संगठित गिरोह का पर्दाफाश।**
- **07 अभियुक्त गिरफ्तार, साइबर अपराध में प्रयुक्त 08 मोबाइल फोन, 01 सिम कार्ड, 04 एटीएम कार्ड, चेकबुक एवं अन्य बैंकिंग दस्तावेज बरामद।**
- **गिरोह द्वारा बैंक खाते, नेट बैंकिंग, यूपीआई एवं विदेशी डिजिटल प्लेटफॉर्म का उपयोग कर साइबर ठगी की धनराशि को छिपाकर अवैध लेन-देन किए जाने का खुलासा।**
- **विगत 25 दिनों में 19 बैंक खातों के माध्यम से ₹4.35 करोड़ से अधिक की साइबर ठगी की धनराशि का ट्रांजेक्शन प्रकाश में आया।**
- **विदेशी चाइनीज वेबसाइट CESHI.TTTPYM.COM से जुड़े लगभग ₹38 करोड़ मूल्य के वित्तीय लेन-देन एवं 114 बैंक खातों की जानकारी प्राप्त।**
- **बाइनेंस प्लेटफॉर्म पर 529 USDT फ्रीज, लगभग 37,966 USDT (करीब ₹37.20 लाख) के डिजिटल ट्रांजेक्शन तथा आईडीबीआई बैंक खाते में ₹43,487/- की धनराशि होल्ड।**
- **साइबर ठगी की धनराशि को USDT में परिवर्तित कर विभिन्न डिजिटल वॉलेट्स में स्थानांतरित करने वाले आर्थिक नेटवर्क का भंडाफोड़।**

कृपया अवगत कराना है कि अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर श्रीमती अनुपम कुलश्रेष्ठ एवं पुलिस महानिरीक्षक, झाँसी परिक्षेत्र, झाँसी श्री आकाश कुलहरि के मार्गदर्शन तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, झाँसी श्री बीबीजीटीएस मूर्ति के निर्देशन में जनपद झाँसी में साइबर अपराधियों एवं संगठित अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही के क्रम में दिनांक 26.05.2026 को थाना प्रेमनगर पुलिस द्वारा अभियुक्तगण **1- रागिब अहमद पुत्र शरीफ अहमद नि0 स्कूलपुरा थाना प्रेमनगर झाँसी 2-सनी अमराया पुत्र चन्द्र मोहन अमराया नि0 मिशन कम्पाउण्ड थाना सीपरी बाजार झाँसी 3-सोहिल खान पुत्र अफ़रोज खान नि0 पानी की टंकी पु0नं0 9 थाना प्रेमनगर झांसी 4-अनुभव सिंह पुत्र राकेश कुमार नि0 नगरा महावीरन थाना प्रेमनगर झाँसी 5-दानिश खान उर्फ नूर पुत्र इकबाल नि0 ईसाईटोला थाना प्रेमनगर झाँसी 6-सौरभ विश्वकर्मा पुत्र हरिओम विश्वकर्मा नि0 महावीरन मंदिर के पास प्रेमनगर झाँसी 7- देवेश कुमार गौतम पुत्र कमल किशोर नि0 सुमेर नगर ईसाईटोला थाना प्रेमनगर झाँसी** को गुलाम गौस खां मार्ग कच्चे पुल के पास से गिरफ्तार किया गया।

अभियुक्तगण के कब्जे से 08 मोबाइल फोन, 01 सिम कार्ड, 01 चेकबुक एवं 04 एटीएम कार्ड बरामद किए गए। अभियुक्तों के मोबाइल फोन एवं डिजिटल उपकरणों की तकनीकी जांच एवं विश्लेषण

करने पर साइबर फ्रॉड, बैंक खातों के दुरुपयोग, यू0पी0आई0 आईडी निर्माण, नेट बैंकिंग संचालन (USDT) लेन-देन से संबंधित महत्वपूर्ण डिजिटल साक्ष्य प्राप्त हुए।

गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना प्रेमनगर पर मु0अ0सं0- 214/2026 धारा 112(2), 318(4) बीएनएस पंजीकृत करते हुए अभियुक्तगण को मा0 न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

**<u>संक्षिप्त विवरणः-</u>**

दिनांक 25.05.2026 को थाना प्रेमनगर पुलिस द्वारा अपराध एवं अपराधियों की रोकथाम, संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चेकिंग एवं वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु क्षेत्र में भ्रमणशील रहते हुए मुखबिर खास से सूचना प्राप्त हुई कि एक संगठित गिरोह के सदस्य ऑनलाइन साइबर फ्रॉड से संबंधित बैंक खाते, एटीएम कार्ड, सिम कार्ड एवं अन्य डिजिटल संसाधनों का उपयोग कर साइबर अपराध संचालित करते हैं तथा वर्तमान में गुलाम गौस मार्ग के निकट एकत्रित हैं।

सूचना पर विश्वास करते हुए थाना प्रेमनगर पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा तत्काल घेराबंदी कर मौके से 07 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया।

**<u>अपराध करने का तरीकाः-</u>**

पूछताछ एवं मोबाइल फोन के तकनीकी विश्लेषण से ज्ञात हुआ कि गिरोह का मुख्य संचालक **ध्रुव निवासी इन्दौर** चाइनीज वेबसाइटों एवं ऑनलाइन गेमिंग प्लेटफॉर्मों के माध्यम से साइबर फ्रॉड कर धनराशि विभिन्न बैंक खातों में मंगवाता था। गिरोह के सदस्य **रागिब अहमद** द्वारा इण्डोनेशिया के सिम का प्रयोग करते हुए विभिन्न व्यक्तियों से प्राप्त बैंक खातों की यूपीआई एवं नेट बैंकिंग बनाकर उनकी जानकारी विदेशी व्हाट्सएप नंबर के माध्यम से मुख्य संचालक तक पहुंचाई जाती थी।

पूछताछ में यह भी प्रकाश में आया कि गिरोह ऑनलाइन गेमिंग साइटों (1BET, Casino आदि) के माध्यम से लोगों को अधिक लाभ का लालच देकर रिचार्ज एवं पॉइंट खरीदने के लिए प्रेरित करता था। साइबर फ्रॉड से प्राप्त धनराशि को विभिन्न बैंक खातों में जमा कराया जाता था। **500 रुपए से अधिक राशि वाले लेन-देन, जिन पर साइबर शिकायत दर्ज होती थी, उन्हें गेमिंग प्लेटफॉर्म पर जीतने वाले खिलाड़ियों के खातों में भेज दिया जाता था, जिससे उन खातों पर फ्रीज/लीन लग जाती थी और वास्तविक अपराधियों तक पहुंचना कठिन हो जाता था। वहीं ₹500 से कम राशि वाले ट्रांजेक्शन, जिनकी शिकायत सामान्यतः दर्ज नहीं होती या ट्रैकिंग कठिन होती थी, उन्हें विभिन्न बैंक खातों के माध्यम से स्थानांतरित कर USDT में परिवर्तित कर दिया जाता था तथा गिरोह के सदस्यों एवं एजेंटों को कमीशन के रूप में वितरित किया जाता था।**

गिरोह के सदस्य **सनी अमराया, सोहिल खान, अनुभव सिंह, दानिश उर्फ नूर, सौरभ विश्वकर्मा एवं देवेश गौतम** बैंक खाते उपलब्ध कराने का कार्य करते थे, जबकि **हर्ष** बैंक खातों से लिंक सिम कार्ड उपलब्ध कराता था। साइबर फ्रॉड से प्राप्त धनराशि को बाद में **सलाम** द्वारा USDT में परिवर्तित कर विभिन्न Binance खातों में भेजा जाता था ताकि धनराशि की ट्रेसिंग न हो सके।

जांच में विगत 25 दिनों के दौरान **19 बैंक खातों में लगभग ₹4.35 करोड़ के संदिग्ध लेन-देन**, **चाइनीज वेबसाइट CESHI.TTTPYM.COM से लगभग ₹38 करोड़ मूल्य के वित्तीय लेन-देन**, **529 USDT फ्रीज**, लगभग **37,966 USDT (₹37.20 लाख)** के डिजिटल ट्रांजेक्शन तथा **114 बैंक खातों** से संबंधित जानकारी प्राप्त हुई है। प्रकरण में कुल **₹4,35,64,029/- की धनराशि फ्रीज/होल्ड** कराई गई है तथा गिरोह के अन्य सदस्यों एवं आर्थिक नेटवर्क की गहन जांच की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरणः-**

1- रागिब अहमद पुत्र शरीफ अहमद नि0 स्कूलपुरा थाना प्रेमनगर झाँसी

2-सनी अमराया पुत्र चन्द्र मोहन अमराया नि0 मिशन कम्पाउण्ड थाना सीपरी बाजार झाँसी

3-सोहिल खान पुत्र अफ़रोज खान नि0 पानी की टंकी पु0नं0 9 थाना प्रेमनगर झांसी

4-अनुभव सिंह पुत्र राकेश कुमार नि0 नगरा महावीरन थाना प्रेमनगर झाँसी

5-दानिश खान उर्फ नूर पुत्र इकबाल नि0 ईसाईटोला थाना प्रेमनगर झाँसी

6-सौरभ विश्वकर्मा पुत्र हरिओम विश्वकर्मा नि0 महावीरन मंदिर के पास प्रेमनगर झाँसी

7-देवेश कुमार गौतम पुत्र कमल किशोर नि0 सुमेर नगर ईसाईटोला थाना प्रेमनगर झाँसी

**वांछित अभियुक्तगणः-**

1- हर्ष पुत्र अज्ञात नि0-मेडिकल थाना नवाबाद  नि0-अज्ञात

2- ध्रुव पुत्र अज्ञात निवासी मेडिकल थाना नवाबाद हाल निवासी इन्दौर

3-10-सलाम पुत्र अज्ञात नि0-  मस्जिद के पास थाना प्रेमनगर जनपद झाँसी

**बरामदगी का विवरण:-**

1. 08 मोबाइल फोन
2. 01 सिम कार्ड,
3. 01 चेकबुक,
4. 04 एटीएम कार्ड,
5. कुल ₹4,35,64,029/- की साइबर फ्रॉड से संबंधित धनराशि फ्रीज/होल्ड कराई गई।
6. Binance प्लेटफॉर्म पर 529 USDT फ्रीज कराया गया तथा 37,966 USDT (लगभग ₹37,20,668/- मूल्य) के ट्रांजेक्शन का विवरण प्राप्त हुआ।
7. चाइनीज वेबसाइट CESHI.TTTPYM.COM से संबंधित लगभग 2,20,81,308 युआन (भारतीय मूल्य के अनुसार लगभग ₹38 करोड़) के संदिग्ध वित्तीय लेन-देन का विवरण प्राप्त हुआ।
8. आईडीबीआई बैंक खाते में ₹43,487.86/- की धनराशि होल्ड कराई गई।
9. 114 बैंक खातों से संबंधित बैंकिंग विवरण, यूजर आईडी, पासवर्ड, यूपीआई एवं नेट बैंकिंग संबंधी डिजिटल जानकारी प्राप्त हुई।

**<u>गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम :-</u>**

1. प्रभारी निरीक्षक श्री तुलसीराम पाण्डेय थाना प्रेमनगर, झाँसी
2. उ0नि0 संत प्रकाश त्रिपाठी थाना प्रेमनगर, झाँसी
3. उ0नि0 योगेन्द्र कुमार शर्मा थाना प्रेमनगर, झाँसी
4. उ0नि0 अवधेश कुमार थाना प्रेमनगर, झाँसी
5. उ0नि0 प्रमोद कुमार थाना प्रेमनगर, झाँसी
6. उ0नि0 शमशुल हसन थाना प्रेमनगर, झाँसी
7. उ0नि0 रामदत्त पाठक थाना प्रेमनगर, झाँसी
8. का0 ज्ञानचन्द्र थाना प्रेमनगर, झाँसी
9. का0 आशीष द्विवेदी थाना प्रेमनगर, झाँसी
10. रि0का0 नीतेश सागर थाना प्रेमनगर, झाँसी
11. रि0का0 रोहित कुमार थाना प्रेमनगर, झाँसी
12. रि0का0 अनिल चाहर थाना प्रेमनगर, झाँसी
13. रि0का0 आलोक यादव थाना प्रेमनगर, झाँसी
14. रि0का0 विष्णु कुमार थाना प्रेमनगर, झाँसी
15. रि0का0 कुलदीप कुमार थाना प्रेमनगर, झाँसी
16. रि0का0 दीपू थाना प्रेमनगर, झाँसी
17. चालक का0 आलोक कुमार थाना प्रेमनगर, झाँसी